**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3715**

**उत्तर देने की तारीख : 23.03.2023**

**केंद्र प्रायोजित योजनाएं**

**3715. डॉ. सुकान्त मजूमदार:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय द्वारा विगत पांच वर्षों और वर्तमान के दौरान उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर जिलों सहित पश्चिम बंगाल राज्य में कार्यान्वित की जा रही केंद्र प्रायोजित योजनाओं और केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं का वर्ष/योजना/जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों और वर्तमान के दौरान उपर्युक्त प्रत्येक योजना के लिए आबंटित, संस्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधियों का वर्ष/योजना और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों और वर्तमान के दौरान उपर्युक्त योजनाओं का कार्यान्वित करते समय निर्धारित और प्राप्त वास्तविक लक्ष्यों का वर्ष/योजना/जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या मंत्रालय ने उपरोक्त योजनाओं को कार्यान्वित करते समय कोई कमियां पाई हैं और यदि हां, तो सरकार द्वारा उन कमियों के समाधान/उनको दूर करने के लिए उठाए गए कदमों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है

(ड.) क्या उपर्युक्त योजना में से किसी योजना में समय और लागत में वृद्धि हुई है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)**

(क) से (ग) : एमएसएमई मंत्रालय की योजनाएं केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं हैं जहां निधियां राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आंवटित नहीं की जाती हैं। एमएसएमई मंत्रालय अपने क्षेत्रीय कार्यालयों के नेटवर्क के माध्यम से, पश्चिम बंगाल राज्य सहित देश भर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) क्षेत्र के संवर्धन और विकास के लिए विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करता है जिनमें अन्य बातों के साथ- साथ प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), सूक्ष्म और लघु उद्यम-कलस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी), पारंम्परिक उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए निधि स्कीम (स्फूर्ति), सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीटीएमएसई), नवोन्मेष, ग्रामीण उद्योग और उद्यमिता संवर्धन स्कीम (एस्पायर), उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम (ईएसडीपी), राष्ट्रीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति हब (एनएसएसएच) शामिल हैं। इन योजनाओं के उद्देश्यों में अन्य बातों के साथ-साथ क्रेडिट तक आसानी से पहुंच, बाजार तक पहुंच, एमएसएमई के लिए प्रौद्योगिकी सहायता और युवाओं के बीच स्वरोजगार के अवसरों के सृजन के लिए उद्यमिता संबंधी रुझान/कौशल का विकास करना शामिल है।

उत्तरी और दक्षिणी दिनाजपुर जिलों सहित पश्चिम बंगाल राज्य में पीएमईजीपी के तहत परियोजनाओं की संख्या और मार्जिन मनी का जिलावार विवरण, सीजीटीएमएसई के तहत स्वीकृत गारंटियों की संख्या और स्वीकृत राशि और पूर्ववर्ती 'उद्योग आधार ज्ञापन' पोर्टल पर पंजीकृत वर्गीकृत एमएसएमई की संख्या तथा 'उद्यम पंजीकरण पोर्टल' पर पंजीकृत और वर्गीकृत एमएसएमई की संख्या क्रमशः **अनुबंध -I, अनुबंध -II, अनुबंध-III में दी गई है।**

(घ) से (च) : एमएसएमई मंत्रालय पश्चिम बंगाल राज्य सहित देशभर में केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं का कार्यान्वयन करता है और संबंधित योजना से जुड़े दिशानिर्देशों के तहत अधिदेशित इन योजनाओं की निगरानी के लिए एक कार्यप्रणाली स्थापित की गई है। योजनाओं के शीघ्रातिशीघ्र कार्यान्वयन की सुनिश्चितता और इस संबंध में सुविधा प्रदान करने के लिए समय-समय पर इनकी समीक्षा की जाती है। ये योजनाएं अभी भी जारी हैं।

****

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3715, जिसका उत्तर दिनांक 23.03.2023 को जाना है, के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-I**

पीएमईजीपी के तहत विगत पांच वर्षों और मौजूदा वित्तीय वर्ष (28.02.2023 तक) के दौरान पश्चिम बंगाल राज्य में परियोजनाओं की जिले-वार संख्या और मार्जिन मनी नीचे दी गई है:-

| क्र.सं. | ज़िला | वित्त वर्ष 2017-18 | | वित्त वर्ष 2018-19 | | वित्त वर्ष 2019-20 | | वित्त वर्ष 2020-21 | | वित्त वर्ष 2021-22 | | वित्तीय वर्ष 2022-23 (28.02.2023 तक) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परियोजनाओं की संख्या | मार्जिन मनी (लाख रुपएमें) | परियोजनाओं की संख्या | मार्जिन मनी (लाख रुपएमें) | परियोजनाओं की संख्या | मार्जिन मनी (लाख रुपएमें) | परियोजनाओं की संख्या | मार्जिन मनी (लाख रुपएमें) | परियोजनाओं की संख्या | मार्जिन मनी (लाख रुपएमें) | परियोजनाओं की संख्या | मार्जिन मनी (लाख रुपएमें) |
| 1. | अलीपुरद्वार | 22 | 55.19 | 39 | 136.5 | 47 | 113.21 | 125 | 360.8 | 68 | 197.63 | 74 | 325.3 |
| 2. | बांकुड़ा | 110 | 216.24 | 75 | 210.12 | 64 | 153.17 | 38 | 92.36 | 45 | 102.47 | 36 | 130.17 |
| 3. | बीरभूम | 67 | 119.05 | 134 | 299.55 | 80 | 184.45 | 82 | 201.1 | 92 | 256.75 | 59 | 167.49 |
| 4. | कूचबिहार | 45 | 107.29 | 84 | 156.93 | 80 | 175.08 | 98 | 278.26 | 60 | 148.62 | 100 | 283.37 |
| **5.** | **दक्षिण दिनाजपुर** | **73** | **260.34** | **66** | **234.71** | **51** | **177.88** | **56** | **248.87** | **62** | **289.57** | **23** | **83.83** |
| 6. | दार्जिलिंग | 52 | 92.45 | 81 | 175.14 | 71 | 167.9 | 80 | 217.9 | 69 | 196.28 | 36 | 95.32 |
| 7. | हुगली | 24 | 61.15 | 59 | 145.24 | 43 | 97.94 | 41 | 106.92 | 56 | 167.09 | 58 | 147.88 |
| 8. | हावड़ा | 26 | 57.35 | 72 | 240.61 | 80 | 240.19 | 37 | 101.05 | 70 | 173.73 | 97 | 233.29 |
| 9. | जलपाईगुड़ी | 17 | 30.64 | 50 | 211.36 | 17 | 46.42 | 38 | 86.78 | 131 | 412.24 | 53 | 198.34 |
| 10. | झारग्राम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 31.53 | 9 | 40.09 | 18 | 43.45 |
| 11. | कलिम्पोंग | 0 | 0 | 4 | 13.57 | 9 | 15.82 | 5 | 12.04 | 12 | 34.76 | 18 | 38.15 |
| 12. | कोलकाता | 4 | 12.57 | 7 | 15.49 | 13 | 34.46 | 12 | 17.08 | 13 | 14.57 | 15 | 16.13 |
| 13. | मालदा | 25 | 26.52 | 62 | 106.2 | 41 | 76.71 | 58 | 176.58 | 51 | 145.7 | 38 | 142.83 |
| 14. | मुर्शिदाबाद | 93 | 136.34 | 139 | 423.94 | 185 | 694.26 | 211 | 699.98 | 204 | 675.41 | 186 | 609.91 |
| 15. | नादिया | 57 | 221.39 | 105 | 421.04 | 219 | 1,505.45 | 80 | 496.51 | 63 | 270.61 | 50 | 255.27 |
| 16. | उत्तर 24 परगना | 188 | 672.57 | 276 | 890.63 | 227 | 855.52 | 215 | 786.34 | 232 | 867.77 | 187 | 645.55 |
| 17. | पश्चिम बर्दवान | 0 | 0 | 2 | 10.51 | 11 | 29.46 | 5 | 16.3 | 10 | 37.53 | 8 | 43.36 |
| 18. | पश्चिम मेदिनीपुर | 22 | 39.88 | 107 | 260.66 | 78 | 205.59 | 90 | 312.24 | 68 | 227.34 | 46 | 147.15 |
| 19. | पुरबा बर्दवान | 35 | 91.11 | 88 | 224.39 | 75 | 170.51 | 52 | 137.47 | 68 | 144.25 | 39 | 113.57 |
| 20. | पुरबा मेदिनीपुर | 243 | 704.83 | 561 | 1,963.72 | 576 | 2,424.78 | 555 | 2,378.53 | 653 | 3,217.1 | 320 | 1,251.65 |
| 21. | पुरुलिया | 18 | 44.42 | 47 | 91.83 | 43 | 198.73 | 36 | 142.87 | 30 | 91.26 | 22 | 75.37 |
| 22. | दक्षिण 24 परगना | 223 | 884.57 | 346 | 1,319.12 | 208 | 910.59 | 135 | 495.97 | 175 | 622.92 | 171 | 530.31 |
| **23.** | **उत्तर दिनाजपुर** | **22** | **57.47** | **9** | **17.52** | **4** | **9.28** | **14** | **27.84** | **64** | **205.94** | **26** | **84.62** |
| | **कुल** | **1,366** | **3,891.37** | **2,413** | **7,568.78** | **2,222** | **8,487.4** | **2,070** | **7,425.32** | **2,305** | **8,539.63** | **1,680** | **5,662.31** |

**अनुबंध- II**

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3715, जिसका उत्तर दिनांक 23.03.2023 को जाना है, के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-II**

विगत पांच वर्षों और मौजूदा वित्तीय वर्ष (28.02.2023 तक) के दौरान पश्चिम बंगाल राज्य में 'सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना' (सीजीटीएमएस) के तहत स्वीकृत गारंटियों की जिला-वार संख्या और अनुमोदित राशि नीचे दी गई है:

| क्र.सं. | ज़िला | वित्त वर्ष 2017-18 | | वित्त वर्ष 2018-19 | | वित्त वर्ष 2019-20 | | वित्त वर्ष 2020-21 | | वित्त वर्ष 2021-22 | | वित्त वर्ष 2022-23 (28.02.2023 तक) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत गारंटियों की संख्या | राशि (करोड़ रुपये में) | स्वीकृत गारंटियों की संख्या | राशि (करोड़ रुपये में) | स्वीकृत गारंटियों की संख्या | राशि (करोड़ रुपये में) | स्वीकृत गारंटियों की संख्या | राशि (करोड़ रुपये में) | स्वीकृत गारंटियों की संख्या | राशि (करोड़ रुपये में) | स्वीकृत गारंटियों की संख्या | राशि (करोड़ रुपये में) |
| 1. | अलीपुरद्वार | 0 | 0 | 6 | 0.97 | 150 | 14.96 | 151 | 7.4 | 207 | 15.14 | 1,783 | 322.33 |
| 2. | बांकुड़ा | 191 | 10.95 | 601 | 28.81 | 839 | 36.94 | 649 | 17.37 | 739 | 46.76 | 1,253 | 103.28 |
| 3. | बीरभूम | 207 | 10.23 | 593 | 56.81 | 941 | 52.74 | 1,029 | 42.31 | 1,107 | 70.07 | 1,319 | 123.07 |
| 4. | कूचबिहार | 214 | 10.2 | 226 | 9.28 | 660 | 19.35 | 620 | 14.09 | 637 | 31.88 | 766 | 58.02 |
| **5.** | **दक्षिण दिनाजपुर** | **98** | **5.57** | **113** | **6.58** | **427** | **17.02** | **285** | **10.65** | **351** | **14.58** | **430** | **23.67** |
| 6. | दार्जिलिंग | 252 | 21.52 | 516 | 31.72 | 1,191 | 62.28 | 1,227 | 52.12 | 1,416 | 91.27 | 1,603 | 162.84 |
| 7. | हुगली | 974 | 44.27 | 852 | 54.58 | 1,857 | 96.9 | 1,494 | 62.07 | 3,130 | 150.83 | 3,585 | 283.59 |
| 8. | हावड़ा | 705 | 81.36 | 1,269 | 132.65 | 2,171 | 212.17 | 1,818 | 148.47 | 2,830 | 286.95 | 3,022 | 406.85 |
| 9. | जलपाईगुड़ी | 324 | 25.27 | 619 | 38.05 | 1,328 | 53.86 | 1,004 | 34.97 | 1,050 | 69.79 | 1,254 | 123.8 |
| 10. | झारग्राम | 0 | 0 | 22 | 0.85 | 5 | 0.27 | 20 | 1.1 | 46 | 3.04 | 223 | 12.58 |
| 11. | कलिम्पोंग | 0 | 0 | 2 | 0.12 | 10 | 0.39 | 42 | 2.09 | 60 | 3.34 | 52 | 5.81 |
| 12. | कोलकाता | 2,531 | 299.26 | 6,312 | 597.35 | 10,019 | 937.72 | 5,324 | 549.98 | 6,393 | 954.94 | 7,976 | 1,535.37 |
| 13. | मालदा | 141 | 5.4 | 367 | 29.4 | 681 | 31.85 | 876 | 26.11 | 668 | 41.97 | 1,025 | 90.1 |
| 14. | मुर्शिदाबाद | 330 | 27.93 | 1,059 | 85.83 | 1,546 | 85.95 | 1,348 | 49.83 | 2,040 | 147.97 | 3,703 | 324.66 |
| 15. | नादिया | 514 | 32.26 | 787 | 64.5 | 1,321 | 61.93 | 1,308 | 53.7 | 1,652 | 97.54 | 1,798 | 168.74 |
| 16. | उत्तर 24 परगना | 1,721 | 109.29 | 2,195 | 135.72 | 4,097 | 241.51 | 3,670 | 168.91 | 3,838 | 277.73 | 4,160 | 424.46 |
| 17. | पश्चिम बर्दवान | 395 | 30.67 | 707 | 56.44 | 1,539 | 100.66 | 1,111 | 71.78 | 1,137 | 76.75 | 1,702 | 166.02 |
| 18. | पश्चिम मेदिनीपुर | 258 | 15.86 | 811 | 38.97 | 1,454 | 58.01 | 1,043 | 40.85 | 1,946 | 95.2 | 2,452 | 169.07 |
| 19. | पुरबा बर्दवान | 237 | 24.41 | 715 | 62.26 | 2,560 | 73.82 | 1,771 | 62.03 | 2,032 | 90.51 | 1,502 | 142.43 |
| 20. | पुरबा मेदिनीपुर | 332 | 20.14 | 646 | 44.57 | 1,863 | 84.83 | 1,820 | 73.11 | 2,170 | 105.13 | 2,493 | 190.65 |
| 21. | पुरुलिया | 121 | 7.13 | 420 | 25.98 | 519 | 25.48 | 421 | 16.86 | 401 | 28.06 | 963 | 56.69 |
| 22. | दक्षिण 24 परगना | 877 | 73.69 | 1,580 | 93.78 | 2,066 | 109.74 | 2,343 | 93.02 | 2,735 | 159.01 | 2,890 | 247.9 |
| **23.** | **उत्तर दिनाजपुर** | **113** | **8.9** | **231** | **15.53** | **423** | **19.99** | **415** | **18.86** | **448** | **28.63** | **559** | **49.01** |
| | **कुल** | **10,535** | **864.32** | **20,649** | **1,610.74** | **37,667** | **2,398.35** | **29,789** | **1,617.68** | **37,033** | **2,887.09** | **46,513** | **5,190.93** |

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3715, जिसका उत्तर दिनांक 23.03.2023 को जाना है, के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध-III**

**पश्चिम बंगाल राज्य में पंजीकृत और वर्गीकृत एमएसएमई की जिलेवार संख्या नीचे दी गई है:**

| क्र.सं. | जिला | पंजीकृत और वर्गीकृत एमएसएमई की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | पूर्ववर्ती 'उद्योग आधार ज्ञापन' पोर्टल के अनुसार | नए 'उद्यम पंजीकरण' पोर्टल पर | |
| | | 01.04.2018 से 30.06.2020 तक | 01.07.2020 से 31.03.2022 तक | 01.04.2022 से 20.03.2023 तक |
| 1. | अलीपुरद्वार | 923 | 2,225 | 4,386 |
| 2. | बांकुड़ा | 2,256 | 4,718 | 6,511 |
| 3. | बीरभूम | 2,204 | 5,934 | 8,529 |
| 4. | कूचबिहार | 2,995 | 4,277 | 6,878 |
| **5.** | **दक्षिण दिनाजपुर** | **4,909** | **3,179** | **3,863** |
| 6. | दार्जिलिंग | 2,457 | 8,064 | 8,250 |
| 7. | हुगली | 5,981 | 14,198 | 14,669 |
| 8. | हावड़ा | 7,257 | 17,312 | 15,418 |
| 9. | जलपाईगुड़ी | 2,421 | 5,705 | 7,468 |
| 10. | झारग्राम | 190 | 1,037 | 1,750 |
| 11. | कलिम्पोंग | 152 | 455 | 758 |
| 12. | कोलकाता | 17,786 | 42,427 | 28,170 |
| 13. | मालदा | 4,207 | 6,536 | 9,947 |
| 14. | मुर्शिदाबाद | 4,204 | 11,487 | 17,964 |
| 15. | नादिया | 4,054 | 9,455 | 13,970 |
| 16. | उत्तर 24 परगना | 13,068 | 29,721 | 35,131 |
| 17. | पश्चिम बर्दवान | 3,087 | 10,536 | 10,615 |
| 18. | पश्चिम मेदिनीपुर | 4,451 | 9,301 | 12,679 |
| 19. | पुरबा बर्दवान | 4,208 | 9,538 | 12,831 |
| 20. | पुरबा मेदिनीपुर | 2,772 | 12,417 | 13,925 |
| 21. | पुरुलिया | 1,783 | 3,033 | 4,849 |
| 22. | दक्षिण 24 परगना | 6,933 | 17,964 | 20,071 |
| **23.** | **उत्तर दिनाजपुर** | **1,618** | **4,665** | **7,508** |
| **कुल** | | **99,916** | **2,34,184** | **2,66,140** |